प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा


## थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सुनी गयी फरियादियों की समस्यायें, शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिये सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 25.06.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना कबरई व थाना खन्ना पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा वहां मौजूद शिकायत रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के संबंध मे फीडबैक भी लिया गया।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस व प्रशासन के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल / थाना पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु राजस्व और पुलिस विभाग की टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

थाना समाधान दिवस के अवसर पर द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर सभी थानों में कुल **68** शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से **59** शिकायतें राजस्व विभाग से व **09** शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित थी, कुल प्राप्त शिकायतों में **13** शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।








प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना कबरई व थाना खन्ना का किया गया अर्दली रुम, लम्बित विवेचनाओं / जांच प्रार्थना पत्रों की समीक्षा कर दिये आवश्यक निर्देश।

आज दिनांक 25.06.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा थाना कबरई व थाना खन्ना का अर्दली रुम किया गया, अर्दली रुम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कबरई व थाना खन्ना में लम्बित विवेचनाओं के सन्बंध में विस्तृत रुप से वार्ता करते हुये लम्बित विवेचनाओं / जांच प्रार्थना पत्रों कि समीक्षा की गई जिसमें काफी समय से लम्बित विवेचनाओं पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी।

पुलिस अधीक्षक द्वारा विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु सम्बंधित विवेचकों को निर्देशित करते हुये कहा कि लम्बित विवेचनाओं / जांच प्रार्थना पत्रों पर निश्चित समयावधि पर गुणदोष के आधार पर विधिक निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण करने तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए, इसके साथ ही वर्तमान समय में शासन एवं उच्चाधिकारीग द्वारा जारी आदेशों एवं अभियानों के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर थाना कबरई में प्रभारी निरीक्षक कबरई श्री विनोद कुमार तथा थाना खन्ना में थाना प्रभारी खन्ना/व0उ0नि0 श्री देवेन्द्र मिश्रा सहित थानास्थानीय के समस्त विवेचकगण/उपनिरीक्षक उपस्थित रहे।





प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना खन्ना का किया गया औचक निरीक्षण, कानून-व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में दिये आवश्यक निर्देश -

आज दिनांक 25.06.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा थाना खन्ना का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के साइबर हेल्प डेस्क, रजिस्टर नंबर 8, अपराध रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर, सीसीटीएनएस कार्यालय आदि का निरीक्षण किया गया, रजिस्टरों को अद्यावधिक रखने हेतु व पाई गई कमियों को दुरुस्त करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात बन्दी गृह, मालखाना इत्यादि का निरीक्षण किया गया व मिशन शक्ति योजना के क्रम में स्थापित महिला हेल्प डेस्क का गहन निरीक्षण करते हुए रिकार्ड रजिस्टर व प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण की स्थिति का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा लावारिस वाहनों एवं मालों का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने व थाने की साफ-सफाई उच्चकोटि की बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया, थाने पर उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को थाने पर आने वाले आगंतुकों / शिकायतकर्ताओं / वादियों के साथ शालीनता पूर्वक विनम्र व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना खन्ना में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की गयी व सम्बन्धित को निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर थाना प्रभारी खन्ना/व0उ0नि0 श्री देवेन्द्र मिश्रा सहित थाना खन्ना में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।





प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 25.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा चलाये़ जा रहे वांछित/वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी के अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में थाना पनवाड़ी प्रभारी निरीक्षक श्री शिवआसरे द्वारा गठित की गयी उ0नि0 दिनेशचन्द्र मय हमराह हे0का0 योगेन्द सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक नफर वारंटी अभियुक्त बुग्गा पुत्र चतुरईया निवासी ग्राम नकरा थाना पनवाडी जनपद महोबा सम्वन्धित मुकदमा विशेष वाद संख्या 28/2009 मु.अ.सं. 10/2009 धारा 3(1) गैंगस्ट एक्ट माननीय न्यायालय श्रीमान **ASJ (FTC-2016)/S.P judge GST/NDPS ACT** महोबा को गिरफ्तार किया बाद आवश्यक कार्यवाही करके वारन्टी अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायलय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली टीम -

1. उ0नि0 दिनेशचन्द्र थाना पनवाड़ी जिला महोबा
2. हे0का0 योगेन्द्र सिंह थाना पनवाड़ी जिला महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त/वारण्ट विवरण –

बुग्गा पुत्र चतुरईया निवासी ग्राम नकरा थाना पनवाडी जनपद महोबा सम्वन्धित मुकदमा विशेष वाद संख्या 28/2009 मु.अ.सं. 10/2009 धारा 3(1) गैंगस्ट एक्ट माननीय न्यायालय श्रीमान **ASJ (FTC-2016)/S.P judge GST/NDPS ACT** महोबा।



# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 25.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने लूट की घटना का किया सफल अनावरण, लूट की सम्पत्ति व घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के कुशल निर्देशन में, व अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश के निकट पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे आपरेशन पाताल के तहत आज दिनांक 25.06.2022 को अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी में कबरई पुलिस टीम को उस समय एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई जब, प्रभारी थाना कबरई श्री विनोद कुमार के दिशा निर्देशन में उ0नि0 यशवन्त सिंह थाना कबरई तथा स्वाट टीम प्रभारी उ0नि0 श्री राहुल कुमार, उ0नि0 नन्हेलाल यादव की संयुक्त पुलिस टीम ने लूट की घटना को अंजाम देने वाले एक नफर अभियुक्त बृजेन्द्र कुशवाहा पुत्र राम सेवक कुशवाहा उम्र 22 को घटना स्थल मकरबई रेलवे अन्डर ब्रिज के पास मकरबई मार्ग वहद ग्राम मकरबई थाना कबरई जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस व एक वण्डल शर्वमुहर जिसमें 6000 रुपये वएक वण्डल शर्व शील मुहर जिसमें एक अदद मोवाइल **INFINIXS 5 PRO imei** नं0 **359877100672888** व 359877100672896 सम्बन्धित मु0अ0सं0 170/2022 धारा 392 भादवि बरामद हुआ । वरामदी के आधार पर धारा 411 भादवि व मु0अ0सं0 173/2022 धारा 3/25 ए एक्ट बनाम बृजेन्द्र कुशवाहा उपरोक्त के विरुद्ध पंजीकृत किया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

बृजेन्द्र कुशवाहा पुत्र राम सेवक कुशवाहा उम्र 22 नि0 मुड़हरा थाना प्रकाश बम्हौरी जनपद छत्तरपुर म0 प्र0।

### गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम –

**1.** उ0नि0 यशवन्त सिंह

**2.** का0 अवनेश कुमार

**1.** स्वाट टीम प्रभारी उ0नि0 श्री राहुल परमार **2.** उ0नि0 नन्हेलाल यादव

**3.** का0 अभिजीत पाण्डेय **4.** का0 धर्मेन्द्र कुमार

**5.** का0 नरेन्द्र कुमार **6.** का0 अंशुल दुबे

### बरामद सम्पत्तिः-

एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस व एक वण्डल शर्व मुहर जिसमें 6000 रुपये व एक वण्डल शर्व शील मुहर जिसमें एक अदद मोवाइल **INFINIXS 5 PRO imei** नं0 **359877100672888** व 359877100672896



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई पुलिस टीम ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के कुशल निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. गौतम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कबरई पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी/अपराधी की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना कबरई पुलिस टीम को उस समय एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई । जब प्रभारी निरीक्षक कबरई श्री विनोद कुमार मय हमराह का0 अवनेश कुमार व का0 नईम अहमद द्वारा मु0अ0सं0 58/2022 धारा 363/366/376 भादवि व 6 पाक्सो एक्ट थाना कबरई मे वांछित अभि0 रमेश पुत्र गनेश उम्र 20 वर्ष नि0 ग्राम मकरबई थाना कबरई जनपद महोबा महोबा को मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 25.06.2022 को बांदा तिराहे से पुलिस हिरासत में लिया गया । गिरफ्तार अभियुक्त को सम्बन्धित मां0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. श्री विनोद कुमार प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई
2. का0 अवनेश कुमार
3. का0 नईम अहमद

### गिरफ्तार अभियुक्त-

रमेश पुत्र गनेश उम्र 20 वर्ष नि0 ग्राम मकरबई थाना कबरई जनपद महोबा महोबा।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी पुलिस टीम ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के कुशल निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0 के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में थाना चरखारी पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी/अपराधी की गिरफ्तारी अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक श्री उमापति मिश्र द्वारा टीम का गठन किया गया जिसमें उ.नि. श्यामदेव सिंह मय हमराह उ.नि. सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा 01 नफर वांछित अभियुक्त दिलीप राजपूत पुत्र भागीरथ उम्र 23 वर्ष निवासी बिलवई थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा सम्बन्धित मु.अ.सं. 176/2022 धारा 332/307 भादवि से चौकी क्षेत्र गौरहारी से गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त अभि0 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ.नि. श्यामदेव सिंह थाना चरखारी जनपद महोबा
2.उ.नि. सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया थाना चरखारी जनपद महोबा
3. का. लालजीत  4.का. रामेन्द्र थाना चरखारी जनपद महोबा

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

दिलीप राजपूत पुत्र भागीरथ उम्र 23 वर्ष निवासी बिलवई थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 25.06.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक कबरई द्वारा थाना कबरई क्षेत्रान्तर्गत नशे से आजादी पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत "नशा मुक्ति" जागरूकता अभियान चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर नशे से आजादी पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत "नशा मुक्ति" जागरूकता अभियान के तहत नशा मुक्ति हेतु चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के क्रम में आज दिनांक 25.06.2022 को प्रभारी निरीक्षक कबरई श्री विनोद कुमार द्वारा थाना कबरई क्षेत्रान्तर्गत नशे से आजादी पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत "नशा मुक्ति "जागरूकता अभियान चलाया गया।

प्रभारी निरीक्षक कबरई श्री विनोद कुमार ने कस्बा कबरई के मुख्य बाजार में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन पोस्टर-बैनर के साथ किया गया। इस दौरान नारों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों से आम लोगों को जागरूक करने का काम किया गया।

पुलिस ने समाज में निरंतर फैल रहे नशे को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी नशे को लेकर खासी प्रभावित है। इसे बचाने के लिए समाज के हर वर्ग को सामने आना होगा, नहीं तो समाज को नशे के दुष्परिणामों का सामना करना पड़ेगा

समाज के हर वर्ग से नशा को मिटाने में सहयोग की अपील करते हुए नशामुक्ति अभियान में भागीदारी देने की अपील करते हुए कहा कि नशे के कारोबारियों की सूचना पुलिस की दी जाए।









महोबा पुलिस